



10000 रु भारतीय गैर न्यायिक Rs.10000

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

03AA 799181

22500

## बिक्रय पत्र कीमत कुल 5,62,500/–रूपये मात्र

बिक्रेता :–1.श्री हरिश चन्द्र कलवलिया पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल कलवलिया।

2.श्री संतोष कुमार कलवलिया
3.श्री जयप्रकाश कलवलिया
4.श्री अशोक कुमार कलवलिया
5.श्री अरूण कुमार कलवलिया
} पिता श्री हरिश चन्द्र कलवलिया।

जाति मारवाड़ी वैश्य, पेशा व्यवसाय आदि, साकिनान मधुपुर टाउन, थाना व सबडिविजन मधुपुर, सबरजिष्ट्री व जिला देवघर, राज्य–झारखण्ड।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

भारतीय गैर न्यायिक

10000 रु. Rs.10000

10000 रु. Rs.10000

दस हज़ार रुपये

RUPEES TEN THOUSAND

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

03AA 799180

**क्रेता** :–श्रीमती इन्दु देवी पति श्री इन्द्र कुमार सिंह, जाति भुमिहार ब्राहमण, पेशा व्यवसाय आदि, साकिन स्टेशन रोड शेखपुरा, थाना शेखपुरा, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री व जिला शेखपुरा, राज्य–बिहार। राष्ट्रीयता :–भारतीय।

**लेख्य प्रकार** :–बिक्रय पत्र।

**बिक्रीत सम्पत्ति की कीमत** :–कुल 5,62,500/–पॉच लाख बरसठ हजार पॉच सौ रुपये मात्र।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

INDIA NON JUDICIAL

१000रु.    Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES


**<u>बिक्रीत सम्पत्ति का विवरण</u>** :—निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है।

विदित हो कि जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर, सबडिविजन, सबरजिष्ट्री देवघर, हाल सबडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल, सामील मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कम–बेसी सवा कट्ठा, तदुपरिस्थित मकान आदि, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 121 के मालिक व अधिकारी शामसुन्दर प्रसाद साह व श्री रामसुन्दर प्रसाद साह व श्री मुरलीधर प्रसाद साह पिता स्वर्गीय मानकी प्रसाद साह व बंशीधर



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

1000 Rs.





साह नाबालिग तरफ गार्जीयन स्वाभाविक भाई उपर्युक्त रामसुन्दर प्रसाद साह व कृष्ण प्रसाद साह नाबालिग तरफ गार्जीयन स्वाभाविक पिता उपर्युक्त शामसुन्दर प्रसाद साह व लख़ी नारायण साह नाबालिक तरफ गार्जीयन स्वाभाविक पिता उपर्युक्त मुरलीधर प्रसाद साह, साकिनान व थाना मधुपुर, जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर के निवासी रहते हुए व उसपर निर्विवाद रूप से भोग दखल करते हुए दिनांक 24/02/1931 ईस्वी में निबंधन कार्यालय देवघर से निबंधित बिक्रय पत्र पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 03, पृष्ठ संख्या 127 से 129 में निबंधित जिसकी संख्या 63 वर्ष 1931 ईस्वी के द्वारा, उक्त सम्पत्ति को होती लाल पिता स्वर्गीय गौरख लाल साह व श्री हरबंशलाल पिता स्वर्गीय देवनारायण साह, साकिनान लकड़ा पहाड़ी, थाना व जिला दुमका, संथाल परगना के निवासी के पास बिक्री कर दिया।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

500Rs.




उपर्युक्त होती लाल साह (होती लाल) पिता स्वर्गीय गौरख लाल साह व हरबंश लाल साह (हरबंश लाल) पिता स्वर्गीय देवनारायण साह, साकिनान लकड़ा पहाड़ी, थाना दुमका, जिला संथाल परगना के निवासी उक्त खरीदगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार रहते हुए दिनांक 03/09/1937 ईस्वी में निबंधन कार्यालय देवघर से निबंधित बिकय पत्र पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 06, पृष्ठ संख्या 246 से 248 में निबंधित जिसकी संख्या 314 वर्ष 1937 ईस्वी के द्वारा, उक्त सम्पत्ति मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा अन्दाज सवा कट्ठा, मय खपड़ा पोश मकान, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 121, मय कुल हक हकुक रामेश्वर लाल कलवलिया पिता स्वर्गीय बाबु पन्नालाल कलवलिया, साकिन व थाना मधुपुर, जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर के निवासी के पास बिक्री कर दिया।

उपर्युक्त रामेश्वर लाल कलवलिया उक्त खरीदगी सम्पत्ति पर दखल कब्जा लेकर तथा उसमें उन्नति व विकास आदि कर, उक्त सम्पत्ति के साथ ही साथ अपने अन्य सम्पत्ति पर निर्विवाद रूप से भोग दखल करते रहे।

उपर्युक्त रामेश्वर लाल कलवलिया पिता स्वर्गीय बाबु पन्नालाल कलवलिया, साकिन व थाना मधुपुर, जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर के निवासी अपनी सम्पत्ति, जिला संथाल परगना, वर्तमान जिला देवघर, सबडिविजन व सबरजिष्ट्री, देवघर, हाल सबडिविजन मधुपुर, थाना मधुपुर, तालुक पाथरोल, सामील मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर गॉधी चौक में बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कम–बेसी 01 (एक) कट्ठा, 19 (उन्नीस) धुर, तदुपरिस्थित मकान आदि, अन्दर थोका 2, 2/1, 124 एवं 124/1, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 पुराना 121 बाद उसके 122, नया 161 व 162, तथा उक्त मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर हरिश चन्द्र लेन में बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कम–बेसी 01 (एक) कट्ठा, 10 (दस) धुर, यानि डेढ़ कट्ठा तदुपरिस्थित मकान आदि, अन्दर थोका 39, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 पुराना 100, नया 139 के मालिक व अधिकारी रहते हुए ताजिन्दगी निर्विवाद रूप से भोग दखल करते रहे।

उपर्युक्त रामेश्वर लाल कलवलिया के स्वर्गवास कर जाने पर उनके तीन पुत्र क्रमशः शिवराम दास कलवलिया, बिक्रेता संख्या 1 श्री हरिशचन्द्र कलवलिया व काशीनाथ कलवलिया वारिस सुत्र से उक्त सम्पत्ति के मालिक व अधिकारी होकर व



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

उसपर निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार रहते हुए दिनांक 13/03/1981 ईस्वी में आपुसी पंचनामा सुरत बंटवारा कर लिये।

उक्त पंचनामा बंटवारा के अनुसार उक्त सम्पत्ति मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर हरिशचन्द्र लेन में बसौड़ी सत्व की जमीन, रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कमबेसी 01 (एक) कट्ठा, 10 (दस) धुर यानि डेढ़ कट्ठा मय मकान आदि अन्दर थोका न0 39, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न01, होल्डिंग न0 पुराना 100, नया 139, उपर्युक्त शिवराम दास कलवलिया के हिस्से में मिली तथा उक्त मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर गाँधी चौक में बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कमबेसी 01 (एक) कट्ठा, 19 (उन्नीस) धुर मय मकान आदि, अन्दर थोका न0 2, 2/1, 124 एवं 124/1, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 पुराना 121 बाद उसके 122, नया 161 व 162 में से आधा यानि साड़े उन्नीस धुर मय मकान आदि बमोजीव उक्त पंचनामा बंटवारा के संलग्न नक्शे में लाल रंग से रंगा अंश मार्क "ए" उपर्युक्त बिक्रेता संख्या 1 श्री हरिशचन्द्र कलवलिया के हिस्से में मिली व आधा यानि साड़े उन्नीस धुर मय मकान आदि बमोजीव उक्त पंचनामा बंटवारा के संलग्न नक्शे में हरा रंग से रंगा हुआ मार्क "बी" जो उपर्युक्त काशीनाथ कलवलिया के हिस्से में मिली।

उपर्युक्त शिवराम दास कलवलिया, हरिश चन्द्र कलवलिया व काशीनाथ कलवलिया उक्त पंचनामा के द्वारा प्राप्त अपने–अपने हिस्से की सम्पत्ति पर अलग–अलग रूप से व निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हुए।

उपर्युक्त बिक्रेता संख्या 1 श्री हरिश चन्द्र कलवलिया एवं काशीनाथ कलवलिया का उक्त अपने–अपने हिस्से की सम्पत्ति का नगरपालिका मधुपुर के कार्यालय में नामान्तरण वाद संख्या 35/1985–86 के द्वारा, दिनांक 30/08/1986 ईस्वी के आदेशानुसार, होल्डिंग न0 122 उपर्युक्त बिक्रेता संख्या 1 श्री हरिशचन्द्र कलवलिया के नाम से दर्ज हुआ तथा होल्डिंग न0 122ए. उपर्युक्त काशीनाथ कलवलिया के नाम से दर्ज हुआ तथा अंचल कार्यालय मधुपुर में नामान्तरण वाद संख्या 66/87–88 के द्वारा दिनांक 09/08/1988 के आदेशानुसार उपर्युक्त शिवराम कलवलिया के नाम से थोका न0 31 का रकवा 01 (एक) कट्ठा, 10 (दस) धुर के बावत नाम दर्ज हुआ तथा हरिशचन्द्र कलवलिया के नाम से थोका न0 2 का रकवा 4 (चार) धुर व थोका न0 124 का रकवा 15 (पन्द्रह) धुर के बावत नाम दर्ज हुआ तथा काशीनाथ कलवलिया के नाम से थोका न0 2/1 का रकवा 4 (चार) धुर व थोका न0 124/1 का रकवा 16 (सौलह) धुर के बावत नाम दर्ज हुआ और उसके



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

बावत अलग–अलग वार्षिक मालगुजारी व टैक्स आदि आदाय करते हुए निर्विवाद रूप से भोग दखल करते रहे।

उपर्युक्त शिवराम दास कलवलिया के स्वर्गवास कर जाने पर उनके तीन पुत्र सुरेन्द्र कुमार कलवलिया, मनोज कुमार कलवलिया व सुनील कुमार कलवलिया तथा दो पुत्री श्रीमती नीलम पौद्धार व श्रीमती रेखा देवी अग्रवाल उनके कानूनी उत्तराधिकारी व वारिसान उनके हिस्से के सम्पत्ति के मालिक व दखलकार हुए।

उपर्युक्त काशीनाथ कलवलिया पिता स्वर्गीय रामेश्वर लाल कलवलिया, सतीश कुमार कलवलिया व अनिल कुमार कलवलिया दोनो के पिता श्री काशीनाथ कलवलिया–प्रथम पक्ष, सुरेन्द्र कुमार कलवलिया, मनोज कुमार कलवलिया, सुनील कुमार कलवलिया तीनों के पिता स्वर्गीय शिवराम दास कलवलिया, श्रीमती नीलम पौद्धार पिता स्वर्गीय शिवराम दास कलवलिया पति श्री पुरण चन्द्र पौद्धार, श्रीमती रेखा देवी अग्रवाल पिता स्वर्गीय शिवराम दास कलवलिया पति श्री महेन्द्र अग्रवाल–द्वितीय पक्ष व उपर्युक्त हम बिक्रेता संख्या 1 हरिशचन्द्र कलवलिया, बिक्रेता संख्या 2 संतोष कुमार कलवलिया, बिक्रेता संख्या 3 श्री जयप्रकाश कलवलिया, बिक्रेता संख्या 4 श्री अशोक कुमार कलवलिया, बिक्रेता संख्या 5 श्री अरूण कुमार कलवलिया–तृतीय पक्ष ने, उक्त दिनांक 13/03/1981 ईस्वी में उपर्युक्त शिवराम दास कलवलिया, हरिशचन्द्र कलवलिया व काशीनाथ कलवलिया के बीच में पंचनामा सुरत बंटवारा को सही मानते हुए पुनः दिनांक 08/11/2004 ईस्वी में उसी अनुसार लिखित रूप में पंचनामा बंटवारा कर लिये।

उक्त पंचनामा बंटवारा बंटवारा के अनुसार उक्त मौजा मधुपुर बाजार न0 269 के अन्दर गाँधी चौक में बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से 01 (एक) कट्ठा, 19 (उन्नीस) धुर मय मकान आदि, अन्दर थोका न0 2, 2/1, 124 एवं 124/1, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 1, होल्डिंग न0 पुराना 121 बाद उसके 122, नया 161 व 162, में से आधा यानि साड़े उन्नीस धुर मय मकान आदि, बमोजीव उक्त पंचनामा बंटवारा के संलग्न नक्शे में लाल रंग से रंगा अंश मार्क "ए" मय कुल हक हकुक, उपर्युक्त हम बिक्रेता संख्या 1 हरिशचन्द्र कलवलिया, बिक्रेता संख्या 2 संतोष कुमार कलवलिया, बिक्रेता संख्या 3 श्री जयप्रकाश कलवलिया, बिक्रेता संख्या 4 श्री अशोक



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

कुमार कलवलिया व बिक्रेता संख्या 5 श्री अरूण कुमार कलवलिया के हिस्से में मिली जिसपर हमलोग अलग रूप दखल कब्जा लेकर आजतक निर्विवाद रूप से भोगवान व दखलकार हैं।

अभी उपर्युक्त हम बिक्रेता को अपने–अपने आवश्यक सांसारिक खर्च के लिये रूपये की सख्त जरूरत है, इसलिये उक्त अपने हिस्से की सम्पत्ति के अन्दर थोका न0 124 रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से 15 (पन्द्रह) धुर तथा थोका न0 124/1 रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से 16 (सौलह) धुर, मोट रकवा स्थानीय माप से यानि यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से 01 (एक) कट्ठा 11 (ग्यारह) धुर में से उक्त अपने हिस्से की सम्पत्ति मार्क ''ए'' रकवा साढ़े पन्द्रह धुर तदुपरिस्थित दो तल्ला मकान आदि जिसका पुर्ण विवरण निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित है को बिक्री करने का ऐलान किये।

आप क्रेता इसे अभी के बाजार भाव से अधिकतम कीमत पर खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्ष की मंजुरी से इसकी कीमत कुल 5,62,500/–पॉच लाख बरसठ हजार पॉच सौ रूपये कायम हुए।

अतएव आज तारीख हम बिक्रेता, आप क्रेता से कीमत के कुल 5,62,500/–पॉच लाख बरसठ हजार पॉच सौ रूपये लेकर निम्न अनुसूची सम्पत्ति में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश मार्क ''ए'' में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक, आप क्रेता के पास बिक्री कर दिया और आपके दखल कब्जे में दिया।

अब आप क्रेता, हम बिक्रेता के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारीणी होकर मय अपने उत्तराधिकारी मय वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण क्रम से भोग, दखल, दान, बिकी, मौरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व हस्तान्तरण आदि करने की अधिकारीणी होकर स्वेच्छा पुर्वक भोग दखल करती रहें, इसमें हम बिक्रेता मय वारिसान को किसी भी तरह की उज्र–आपत्ति नहीं होगी न कोई कर सकेगा। अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति के हम बिक्रेता ही मालिक हैं, इसमें दुसरा कोई अंशदार या दखलकार नही है व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय–संयुक्त या हस्तान्तरण आदि नहीं किये हैं। हर तरह से साफ व पाक है।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

निम्न बिक्रीत सम्पत्ति के सम्बन्ध में अगर भविष्य में हम बिक्रेता मय वारिसान को कुछ लिखना या करना पड़ेगा तो ऐसी स्थिति में आप क्रेता मय वारिसान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने को तैयार रहेंगे।

निम्न बिकीत सम्पत्ति के कुछ अंश उत्तर–पुरब तरफ रकवा 90 वर्गफीट मय एक दर दुकान (जिसके उत्तर–हरिशचन्द्र घोष लेन, दक्षिण–बिकेता की सम्पत्ति इसी होल्डिंग का अंश, पुरब–काशीनाथ कलबलिया के हिस्से की सम्पत्ति मार्क "बी", पश्चिम–बिकेता की सम्पत्ति इसी होल्डिंग का अंश) में मंगरी देवी साकिन गॉधी चौक मधुपुर, थाना मधुपुर, जिला देवघर, की निवासीनी 250/–दो सौ पचास रूपये मासिक पर किरायेदार हैं।

निम्न बिकीत सम्पत्ति के कुछ अंश उत्तर–पश्चिम तरफ रकवा 90 वर्गफीट मय एक दर दुकान (जिसके उत्तर–हरिशचन्द्र घोष लेन, दक्षिण–बिकेता की सम्पत्ति इसी होल्डिंग का अंश, पुरब–बिकेता की सम्पत्ति इसी होल्डिंग का अंश, पश्चिम–जगदीश सोनार का मकान) में कृष्णा प्रसाद मंडल साकिन गॉधी चौक मधुपुर, थाना मधुपुर, जिला देवघर, के निवासी 300/–रूपये मासिक पर किरायेदार हैं।

निम्न बिकीत सम्पत्ति के कुछ अंश पश्चिम तरफ रकवा 220 वर्गफीट मय दो दर दुकान (जिसके उत्तर–जगदीश सोनार का मकान, दक्षिण– काशीनाथ कलवलिया वगैरह की सम्पत्ति मार्क "बी, पुरब–बिकेता की सम्पत्ति इसी होल्डिंग का अंश, पश्चिम–गांधी चौक, म्युनीसीपल रोड) में श्री गोपाल कुमार लच्छीरामका पिता संतलाल लच्छीरामका, साकिन केलाबागान मधुपुर, थाना मधुपुर, जिला देवघर के निवासी 3,500/–तीन हजार पॉच सौ रूपये मासिक पर किरायेदार हैं।

हम बिकेता, आप केता के पास उक्त किरायेदारी सहित मय कुल हक हकुक हस्तान्रण किया यानि किरायेदारी के बावत कुल हक हकुक (Right to sue) आप केता को प्राप्त हुआ। आप केता चाहें तो उनलोंगों को किराया पर रखें या खाली कराकर अपने व्यवहार व उपयोग में लावें।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

उक्त दिनांक 13/03/1981 ईस्वी में पंचनामा बंटवारा के बाद उपर्युक्त रामेश्वर लाल कलवलिया के सम्पूर्ण सम्पत्ति के लिये अवर न्यायाधीश देवघर के न्यायालय में बंटवारा वाद संख्या 254/2003 व बंटवारा वाद संख्या 189/2004 लम्बित है, जिसमें इस बिक्रय पत्र के सम्पादन के बाद आप केता उक्त वाद में पक्षकार बन सकते हैं।

अतएव आज तारीख हम बिक्रेता स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे कीमत के कुल 5,62,500/–पॉच लाख बरसठ हजार पॉच सौ रूपये लेकर यह बिक्रय पत्र लिख दिये जो प्रमाण रहे दिनांक 23-12-2006

## अनुसूची सम्पत्ति

थाना नं0 269, जिला देवघर, सबडिविजन मधुपुर, सबरजिष्ट्री देवघर, थाना मधुपुर, सामील मौजा मधुपुर बाजार के अन्दर गॉधी चौक में बसौड़ी सत्व की जमीन रकवा स्थानीय माप से यानि 1125 वर्गफीट = 01 (एक) कट्ठा के माप से कम–बेसी 15½ धुर (साढ़े पन्द्रह धुर) तदुपरिस्थित दो तल्ला मकान आदि, अन्दर मिलजुमले थोका न0 124 व 124/1, अन्दर हलका मधुपुर नगरपालिका वार्ड न0 01, होल्डिंग न0 पुराना 121 बाद उसके 122, नया 161 व 162 जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा हुआ मार्क "ए" में दिखाया गया है, मय कुल हक हकुक बिक्री किया जिसकी चौहद्दी---

उत्तर :– हरिशचन्द्र घोष लेन, जगदीश सोनार का मकान तथा काशीनाथ कलवलिया वगैरह के हिस्से की सम्पत्ति मार्क "बी", ।

दक्षिण :–काशीनाथ कलबलिया वगैरह की सम्पत्ति मार्क "बी"

पुरब :–काशीनाथ कलबलिया वगैरह की सम्पत्ति मार्क "बी",

पश्चिम :–म्युनीसीपल रोड, गॉधी चौक एवं जगदीश सोनार का मकान।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

**घोषणा** :—उक्त बिक्रीत सम्पत्ति पक्की सड़क से सटे है। निर्धारित मूल्यांकन के अनुसार स्टाम्प दिया गया है।

<u>**गवाहान**</u>

1. मनोज कुमार कालकामार मधुपुर (ईसवर) 23-12-06
2. Satish Kumar Kulbahe, Madhupur
   B. Deoghar 23-12-06
3. [illegible]
   23-12-06

दस्तावेज पढ़कर फरीकैन को सुना व समझा दिया प्रारूप कर्ता सीताराम पंडित डीडरायटर देवघर, दिनांक 23-12-2006

मुल दस्तावेज एवं द्वितीय प्रति समरूप है।



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP

क्रेता का फोटो, हस्ताक्षर एवं टीप निशान :-



वुन्दु देवी
23-12-2006

प्रमाणित किया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका छायाचित्र दस्तावेज में लगा है, के बॉये हाथ के अंगूलियों के निशान मेरे द्वारा लिये गये हैं. सीताराम पंडित
डीडरायटर देवघर, दिनांक 23-12-2006



Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M31 64 MP